# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

दिनांक 25/08/26

पत्रांक 1276 / कार्य-2 / 60

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,

अमेठी।

**विषयः—अमर उजाला समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार "अमेठी में 40 घरों में पेयजल की समस्या" के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 24.08.2026 को प्रकाशित समाचार के संदर्भ में जिसमें शाहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति बाधित होने तथा आमजन को हो रही असुविधा का उल्लेख किया गया है, स्थिति स्पष्ट करते हुए वस्तुस्थिति निम्नलिखित हैः—

- इस क्षेत्र में शाहगढ़ की पुरानी टंकी के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। उक्त पुरानी टंकी में समय के साथ आई तकनीकी कमियों, उसकी मरम्मत की आवश्यकता, पुरानी पाइपलाइनों में चोक, लीकेज तथा कई स्थानों पर क्षुब्ध/खराब हो चुके पाइपों को बदलकर आवश्यकतानुसार नए पाइप डालने की अत्यंत आवश्यकता थी।
- उपरोक्त समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु टंकी एवं पाइपलाइन के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत का कार्य स्वीकृत किया गया है। इसके लिए नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया संपन्न की गई, जो कि M/s Universal M.E.P Lucknow फर्म को प्राप्त हुआ है। वर्तमान में उक्त फर्म द्वारा स्थल पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य युद्धस्तर पर प्रगति पर है।
- कार्यों के निष्पादन के दौरान कुछ समय के लिए जलापूर्ति बाधित होना अपरिहार्य था, जिससे क्षेत्रवासियों को अस्थायी रूप से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस असुविधा के लिए विभाग को गहरा खेद है।
- परन्तु, टंकी और पुरानी पाइपलाइन की यह मरम्मत आम जनता को दीर्घकालिक और सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत आवश्यक थी। कार्य के पूर्ण होते ही पेयजल आपूर्ति को पूर्व की भांति पूरी क्षमता और सुचारू रूप से पुनः चालू कर दिया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि जनसाधारण के सूचनार्थ हेतु एवं वस्तुस्थिति से अवगत होना चाहें।

**भवदीय**

A Tripathi

**अधिशासी अभियन्ता**

दिनांक

पृ0सं0 / /

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प—बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
5. मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रा0लि0 लखनऊ हैदराबाद (कैम्प—अमेठी)।

**अधिशासी अभियन्ता**